वकीलों का हंगामा,विधानसभा गेट पर धरना

बोले, मांग पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

लखनऊ। लखनऊ में शनिवार को अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर सैकड़ों वकील सड़क पर उतर आए। कैसरबाग कोर्ट परिसर से विधानसभा तक निकाले गए पैदल मार्च के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं के बीच कई जगह धक्का-मुक्की हुई। पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड तोड़ते हुए वकील विधानसभा के गेट तक पहुंच गए और वहां धरने पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। अधिवक्ताओं ने साफ कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करती, आंदोलन जारी रहेगा। शनिवार सुबह करीब 10 बजे बड़ी संख्या में अधिवक्ता कैसरबाग स्थित कोर्ट परिसर में एकत्र हुए। यहां से उन्होंने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर विधानसभा की ओर पैदल मार्च शुरू किया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने रास्ते में बैरिकेडिंग की थी। पुलिस अधिकारियों ने अधिवक्ताओं को समझाने और वापस लौटने की कोशिश की, लेकिन वे आगे बढ़ने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस ने कैसरबाग से परिवर्तन चौक, हजरतगंज चौराहे और जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा के पास बैरिकेडिंग लगाकर अधिवक्ताओं को रोकने का प्रयास किया। वकीलों ने इन अवरोधों को हटाते हुए आगे बढ़ना जारी रखा। पुलिस अधिकारी प्रदर्शनकारियों को रोकने और शांत कराने का प्रयास करते रहे लेकिन अधिवक्ता पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। आखिरकार वे विधानसभा तक पहुंच गए और गेट पर धरना देकर मांगों के समर्थन में नारेबाजी करने लगे। अधिवक्ता सत्येंद्र सिंह ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट यानी अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करना है। वकीलों को अपने पेशेवर कार्य के दौरान मारपीट, धमकी, हमले और उत्पीड़न जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनकी सुरक्षा के लिए अलग कानून बनाया जाना जरूरी है। वकील कानून की रक्षा का काम करते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ में इलाहाबाद हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने की मांग भी उठाई। उनका कहना है कि पश्चिमी यूपी के लोगों को न्याय पाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। मेरठ में हाईकोर्ट की बेंच बनने से क्षेत्र के लोगों को न्याय हासिल करने में सुविधा होगी और न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी।अधिवक्ता आशुतोष ने कहा कि जब तक सरकार अधिवक्ताओं की मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम प्रस्तावित कानून है, जिसका उद्देश्य वकीलों को उनके पेशेवर काम के दौरान होने वाली मारपीट, धमकी, हमले और उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करना है। इसी कानून को लागू कराने के लिए प्रदेशभर के अधिवक्ता आवाज उठा रहे हैं।

व्यापारियों को मिले 10 लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा

लखनऊ।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में संपन्न हुई प्रदेश पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक में समिति से निर्णय लिया गया की प्रदेश के व्यापारियों को इलाज के लिए कैशलेस 10 लद्यख रुपए तक की सुविधा प्रदेश सरकार द्वारा प्राप्त होनी चाहिए इसके साथ ही मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना जिसमें अभी तक 10 लद्यख रुपए मृतक व्यापारी के परिवार को प्राप्त होते हैं उसकी राशि बढ़ाकर 20 लद्यख रुपए की जानी चाहिए किसी विपरीत आपदा में व्यापारी की दुकान के जलने नष्ट होने या क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पंजीकरण न होने के बावजूद उसको तत्काल सहायता जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त हो ऐसा निर्णय मुख्यमंत्री जी द्वारा लिया जाना चाहिए।

बैटरी चोरी के शक में युवक को पेड़ से बांधकर पीटा

वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल

आज समाचार सेवा सरोजिनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पार्किंग नंबर-1 में वाहन से बैटरी चोरी करने के आरोप में एक युवक को स्थानीय लोगों द्वारा बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। युवक को पेड़ से बांधकर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि घटना सुबह करीब सात बजे की बताई जा रही है, लेकिन स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। वहीं, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की सक्रियता और जिम्मेदारी को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नंबर-1 में एक युवक पर वाहन से बैटरी खोलकर चोरी करने का आरोप लगाया गया। इसके बाद वहां मौजूद कुछ स्थानीय लोगों ने कानून को अपने हाथ में लेते हुए युवक को पकड़ लिया। आरोप है कि लोगों ने उसे पेड़ से बांध दिया और तालिबानी अंदाज में जमकर पिटाई की। इस दौरान युवक खुद को बचाने की गुहार लगाता रहा, लेकिन उसे पीटने वाले लोगों को जरा भी रहम नहीं आया। घटना का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बन गया।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि युवक पर चोरी का शक था तो उसे पुलिस के हवाले करने के बजाय लोगों ने खुद सजा देने का अधिकार कैसे मान लिया? कानून व्यवस्था वाले प्रदेश में इस तरह किसी व्यक्ति को पेड़ से बांधकर पीटना और उसके साथ अमानवीय व्यवहार करना कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। चोरी का आरोप साबित करना पुलिस और न्यायालय का काम है, न कि किसी व्यक्ति या भीड़ का। स्थानीय स्तर पर सुबह से शाम तक इस घटना की जानकारी पुलिस अधिकारियों तक नहीं पहुंचने की बात भी सामने आई। बताया जाता है कि जब मीडिया कर्मियों ने इस मामले को लेकर पुलिस से सवाल पूछने शुरू किए, तब पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की।

मतदाता सूची को लेकर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का योगी को पत्र

लखनऊ। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर प्रदेश की मतदाता सूची से 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम गायब होने के उनके दावे पर स्पष्टीकरण मांगा है।बोर्ड ने 13 नवंबर को भेजे गए पत्र में आंकड़ों की प्रमाणिकता, दावे के आधिकारिक आधार और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग किया है। बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी डॉ. मोईन खान ने भी इस पत्र को मुख्यमंत्री तक भेजने की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाई।बोर्ड ने पत्र में कहा है कि यदि वास्तव में इतनी बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से छूटे हैं, तो यह गंभीर प्रशासनिक मामला है। सरकार को केवल आंकड़े प्रस्तुत करने के बजाय यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि इस चूक के लिए कौन जिम्मेदार है और अब तक क्या कार्रवाई की गई है।पत्र में मुख्यमंत्री के दावे का आधार संबंधित आंकड़ों के आधिकारिक स्रोत और मतदाताओं की धार्मिक आधार पर पहचान किए जाने की प्रमाणिकता पर भी सवाल उठाए गए हैं।

राहुल गांधी का फोन टेप कराना सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति का घृणित प्रदर्शन-प्रमोद तिवारी

लखनऊ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने राहुल गांधी के फोन टेपिंग को केन्द्र सरकार पर लोकतंत्र में निजता के अधिकार पर हमले की पराकाष्ठा हुये कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का फोन टेप कराना सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति का घृणित प्रदर्शन है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा को याद रखना चाहिए कि पेगागस जासूसी काण्ड का नतीजा खतरनाक साबित हुआ था। राजनेताओं के फोन टेपिंग को लेकर केन्द्र सरकार को इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का हस्र देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट चोरी पर सरकार की जबाबदेही पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे में पीएम और गृहमंत्री के इशारे पर नेता प्रतिपक्ष के फोन टेपिंग का अनैतिक और अलोकतांत्रिक हथकण्डा चिन्ताजनक है।

पंडित नेहरू ने आधुनिक,वैज्ञानिक और समावेशी भारत की नींव रखी

लखनऊ। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बाल दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम व प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करने से हुयी। इस अवसर पर मुख्यालय में बच्चों के लिए शिक्षा एवं मनोरंजन के स्टॉल लगाये गये। इसके अलावा चित्रकला,रंगोली और पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि पंडित नेहरू ने आधुनिक, वैज्ञानिक और समावेशी भारत की नींव रखी थी। बच्चों के प्रति उनका स्नेह इस बात का प्रतीक था कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा और बाल पीढ़ी के संस्कारों व शिक्षा पर निर्भर करता है। प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ने पं0 नेहरू कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव बच्चों की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। आज बच्चों की कलातियों में नए और उज्ज्वल भारत की झलक देखने को मिली है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया ने उपहार एवं पुरस्कार वितरित किये। इस दौरान सह प्रभारी अभिषेक दत्त, कुणाल चौधरी, जगदीश चंद्र जांगिड़, संजीव आर्य, अब्दुल हन्नान, सीएलपी लीडर वीरेन्द्र चौधरी व सांसद तनुज पुनिया सहित अन्य कई नेताओं ने पं.नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू के आदर्शों पर चलने की शपथ ली

लखनऊ। पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के पर शहर कांग्रेस उत्तरी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी की अध्यक्षता में कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसको सम्बोधित करते हुये शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुये कहा कि आजादी के बाद देश जब प्रगति के पथ पर अग्रसर होने को था तो एक-एक चीज का निर्माण पंडित नेहरू के नेतृत्व में किया गया, लोकतंत्र एवं संवैधानिक संस्थाओं की स्थापना, आर्थिक और औद्योगिक विकास, विज्ञान प्रौद्योगिकी और उच्च शिक्षा व विदेश नीति आदि कार्यों में पंडित नेहरू के एक योगदान को हम कभी भूल नहीं सकते। इस दौरान सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के आदर्शों पर चलने की शपथ ली। गोष्ठी में मुख्य रूप से किश्वर जहां,शाहिद अली, आकिल हुसैन,सुरेश पाल, आफताब मोहसिन, फैजान अली, कौशल वर्मा, जेबा मलिक, प्रभाकर साहू, बिंदेश पांडेय व सन्नो खान सहित अन्य कई पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे।

महिला की पिटाई, तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। कटुवा खेड़ा मजरा हुलास खेड़ा गांव में एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, गांव निवासी सुनीता पत्नी छेदीलाल ने आरोप लगाया है कि गांव के ही अरुण, करण और भानु पुत्रगण रामनाथ ने उनके और उनके परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं।

एक नजर

एसएमएस कालेज में बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ। सुल्तानपुर रोड स्थित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज कालेज में आज बाल दिवस बड़े उत्साह, उमंग एवं उल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुये शरद सिंह सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एसएमएस ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक क्षमता के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों, रचनात्मकता, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को भी विकसित करना चाहिए।इस अवसर पर प्रो डॉ भरत राज सिंह, महानिदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने कहा कि भारत में प्रत्येक वर्ष 14 नवम्बर को बाल दिवस देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों के प्रति विशेष स्नेह रखते थे।

सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी को राजपत्रित का दर्जा दिये जाने की मांग

लखनऊ। उ.प्र. सहकारी लेखा परीक्षक संघ की बैठक शनिवार को जवाहर भवन स्थित महासंघ कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चन्द्र गौतम की अध्यक्षता में हुयी। जिसमें कार्यकारिणी ने कई मांगें रखीं। इनमें मुख्य रूप से सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी को राजपत्रित किया जाना। 4600 ग्रेड पे का कोई पद नही है,इसे डेड किये जाने। कैग की प्रीआरटी के आधार पर डबल एओ के ज्वाइनिंग तिथि से 4 वर्ष सेवा के बाद उसे 5400 ग्रेड पे दिया जाना। नव नियुक्त लेखा परीक्षकों का विज्ञापन नियमावली संशोधन के पहले का होने के आधार पर इसमें शिथिलीकरण करते हुए उन्हें ज्येष्ठ लेखा परीक्षक तीन वर्ष में किये जाने की हैं। इस दौरान उ.प्र. लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार बच्चा ने कहा कि सहकारी समितियों एवं पंचायतों उ.प्र. के लेखा परीक्षकों की जो जायज मांगें हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर दूर कराने के प्रयास किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से अशोक कुमार, अंकुर मिश्रा, मानसी पाल, अरुण सिंह, डा. गुरुदेव सिंह, कैलाश गिरी, अभिषेक प्रताप सिंह, अनूप रावत, अजय कुमार, सौरभ द्विवेदी, सौरभ राय, दीपक सिंह, शैलेश यादव, चन्दन कुमार, अश्विनी कुमार, विकाश सिंह व रणधीर सिंह मौजूद रहे।

सड़कों के जाल और कानून-व्यवस्था से बदली यूपी की तस्वीर-सोहनलाल श्रीमाली

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली ने कहा कि प्रदेश में चौमुखी विकास हो रहा है। उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में प्रदेश में सड़कों और एक्सप्रेस वे का जो जाल बिछा है, वैसा विकास इसके पहले किसी भी सरकार में देखने को नहीं मिला। बेहतर कनेक्टिविटी और कानून व्यवस्था के कारण आज उत्तर प्रदेश का हर वर्ग और हर व्यक्ति प्रदेश सरकार के कार्यों की प्रशंसा कर रहा है। उन्होने आयोग की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग आयोग के माध्यम से ओबीसी समाज की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। यह बातें उन्होने पत्रकारों से बातचीत में व्यक्त कीं। श्रीमाली ने बताया कि आयोग द्वारा शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की गई हैं, जिन्हें सरकार द्वारा प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

बंथरा। बन्थरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेमौरा छावनी एयरफोर्स स्टेशन के पास (खटोला मोहनलालगंज जुनाबगंज रोड) एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में रायबरेली के लालगंज निवासी सुजीत कुमार (ड्यूटी पर जा रहे थे) की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक के साले अभिषेक कुमार की तहरीर पर थाना बन्थरा में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे ने ऐशबाग जं. स्टेशन पर ट्रैक के टो-लोड का मापन कराकर संरक्षा को परखा



लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने 14 नवम्बर को मंडल रेल प्रबंधक, लखनऊ गौरव अग्रवाल के साथ ऐशबाग जंक्शन स्टेशन तथा बादशाहनगर स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने मेन लाइन पर रेलपथ का टो-लोड परीक्षण किया तथा अन्य लाइनों पर भी टो-लोड का मापन कराया। इसके माध्यम से रेलपथ की संरक्षा एवं फिटिंग की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप नियमित परीक्षण एवं रेलपथ की संरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने ऐशबाग स्टेशन के केंद्रीकृत पैनल कक्ष का गहन निरीक्षण करते हुए वी.डी.यू. पैनल, पावर सप्लाई डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड, क्लैम्प पैड लॉक एवं अन्य संरक्षा उपकरणों के साथ ही यात्री सुविधाओं की जांच की।

सूचना

मेरे पुत्र का नाम विद्यालय अभिलेखों में त्रुटिवश **SATWIK BHARDWAJ** दर्ज है। जबकि सही नाम **SATWIK SHUKLA** है। जन्मतिथि 21.8.2012 व माता का नाम श्रीमती आरती शुक्ला है। विद्यालय के अभिलेखों में सही नाम दर्ज किया जाए। **साकेत शुक्ला पुत्र स्व0 सुरेन्द्र नाथ शुक्ला। निवासी-33/2069 महाराजापुरम, केसरी खेड़ा, कृष्णा नगर, लखनऊ, यू0पी0**

मंडल रेल प्रबंधक ने आलमनगर प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

लखनऊ। मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ सुनील कुमार वर्मा ने आज आलमनगर में स्थित प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र के पुराने भवन का नवीनीकरण एवं आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केंद्र को सुव्यवस्थित एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए पुनः बेहतर ढंग से तैयार किया जाए, ताकि रेल कर्मचारियों को प्रशिक्षण संबंधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके उपरांत मंडल रेल प्रबंधक ने चारबाग स्थित वंदे भारत मेंटेनेंस शेड का निरीक्षण किया। उन्होंने शेड में उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया तथा वंदे भारत एक्सप्रेस के कोचों के रखरखाव एवं अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा की। आज नवनिर्मित वंदे भारत शेड की सिक लाइन चालू हुई जिसमे इस अवसर पर एक कोच के मरम्मत कार्य भी शुरू हुआ। उन्होंने कोचों के नियमित रखरखाव एवं अनुरक्षण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समाज के लिए हो वैज्ञानिक अनुसंधान का व्यावहारिक उपयोग- ए. धनलक्ष्मी

धूमधाम से मनाया गया बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान का संस्थापक दिवस

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। वैज्ञानिक अनुसंधान ऐसा हो जिसका समाज के लिए ज्यादा से ज्यादा व्यवहारिक उपयोग किया जा सके। उक्त उद्गार शनिवार को बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के संस्थापक एवं प्रख्यात पुरावनस्पतिशास्त्री प्रो बीरबल साहनी की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित संस्थापक दिवस समारोह में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की संयुक्त सचिव श्रीमती ए. धनलक्ष्मी ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। उन्होंने संस्थान की वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं उत्कृष्टता के लिए बीएसआईपी को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में केवल बौद्धिक जिज्ञासा पर आधारित अनुसंधान के स्थान पर मांग आधारित एवं उपयोगी विज्ञान को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान का व्यावहारिक उपयोग तथा समाज के लिए उसकी प्रासंगिकता अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रमुख मिशनों में पुराविज्ञान की महत्त्वपूर्ण भूमिका और इसके संभावित योगदान को भी रेखांकित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग की निदेशक श्रीमती रेनू द्विवेदी ने प्रो बीरबल साहनी की पत्नी श्रीमती सावित्री साहनी के योगदान को स्मरण करते हुए संस्थान की विरासत को आकार देने और उसे आगे बढ़ाने म



उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने मानव अतीत के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए पुरातात्विक सर्वेक्षणों के माध्यम से बीएसआईपी के साथ संभावित समझौता ज्ञापन एवं संस्थागत सहयोग की पहल का प्रस्ताव रखा। समारोह में संस्थान के निदेशक प्रो एम जी ठक्कर ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की वैज्ञानिक उपलब्धियों, वर्तमान अनुसंधान गतिविधियों तथा भविष्य की कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान का शोध प्रकाशन ग्राफ निरंतर बढ़ रहा है तथा इस वर्ष लगभग 200 शोध पत्र प्रतिष्ठित एवं उच्च प्रभाव कारक वाली शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। कार्यक्रम में दो प्रतिष्ठित स्मृति व्याख्यान आयोजित किए गए। 56वाँ बीरबल साहनी स्मृति व्याख्यान गुजरात के जूनागढ़ स्थित भक्ता कवि नरसिंह मेहता विश्वविद्यालय के वन्यजीव एवं संरक्षण अध्ययन उत्कृष्टता केंद्र के निदेशक प्रो. निशिथ ए. धरैया द्वारा प्रभावी वन्यजीव संरक्षण के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का एकीकरण विषय पर दिया गया। जबकि 68वाँ सर ए.सी सीवार्ड स्मृति व्याख्यान बेंगलुरु स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफवेस्ट मैनेजमेंट की कार्यकारी निदेशक प्रो बिनीशा पयट्टाटी द्वारा जैव.अनुकरण से प्रेरित चक्रीय अर्थव्यवस्था एवं अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बीएसआईपी वॉल ऑफफेम पुरस्कार प्रदान किए गए। इसमें सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार डॉ संतोष के शाह एवं डॉ परमिंदर सिंह रन्होत्रा को दिया गया, सर्वाधिक शोध प्रकाशन पुरस्कार डॉ स्वाति त्रिपाठी एवं डॉ मोहम्मद फिरोज कमर, राष्ट्रीय पहचान पुरस्कार डॉ स्वाति त्रिपाठी एवं डॉ श्रेया मिश्रा को दिया गया। इस अवसर पर एक वैज्ञानिकशोध पत्रिका जियोफाइटोलॉजी के विशेष अंक का विमोचन किया गया इस विशेष अंक की मुख्य संपादक डॉ.अंजू सक्सेना ने किया।

अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड 'मैथलेटिक्स-2026' का भव्य उद्घाटन



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड 'मैथलेटिक्स-2026' का भव्य उद्घाटन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रख्यात गणितज्ञ व लेखक डा. अशोक जाहनवी प्रसाद ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने देश-विदेश से पधारे प्रतिभागी छात्रो व शिक्षकों के सम्मान में शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा प्रदर्शित कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्तर्राष्ट्रीय मैथलेटिक्स-2026 का आयोजन 14 से 17 नवम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें नेपाल, बांग्लादेश एवं देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे लगभग 400 छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।'

दरवाजा तोड़कर लाखों की चोरी

गोसाईंगंज लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के वरुणा एन्क्लेव, अवध विहार योजना देवामऊ में दिनदहाड़े एक बंद घर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर का सामान बिखेरकर पुस्तैनी जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित मिथिलेश प्रताप सिंह पुत्र घनश्याम सिंह, निवासी 7ए/बी-9 वरुणा एन्क्लेव के मुताबिक 10 नवंबर 2026 को दोपहर करीब 12 बजे से 3 बजे के बीच चोरों ने घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया।घटना के समय वह अपने पिता के साथ भवन निर्माण कार्य के सिलसिले में लौलाई, देवरिया, चिनहट में थे।वहीं उनकी पत्नी, माताजी व बच्चा अमीनाबाद एक शादी में गए हुए थे। घर लौटने पर पता चला कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ था।जांच करने पर घर में रखे पुस्तैनी जेवर व नकदी गायब मिली।

पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन तप कल्याणक मनाया गया

लखनऊ। राजपाट, वैभव और सांसारिक मोह-माया का त्याग कर तपस्या के मार्ग पर चलना ही वास्तविक वैराग्य है। भगवान आदिनाथ के जीवन से जुड़ी इसी प्रेरणा को आशियाना सेक्टर-एम स्थित दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे श्री आदिनाथ चौबीसी मानस्तंभ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन जीवंत किया गया। शनिवार को तप कल्याणक के अवसर पर दीक्षा, वैराग्य और आहारदान की धार्मिक क्रियाएं श्रद्धापूर्वक संपन्न हुईं। दोपहर एक बजे हुए विशेष नाट्य मंचन में दिखाया गया कि किस तरह तीर्थंकर बालक आदिनाथ ने युवावस्था में राजपाट और सांसारिक सुखों का त्याग कर जैनेश्वरी दीक्षा धारण करने का निर्णय लिया। इसके बाद कठोर तपस्या के मार्ग पर अग्रसर हुए। मंचन देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए और भगवान के त्याग व संयम को नमन किया।

मिशन शक्ति लखनऊ जोन में 7 दरिंदों को सजा,3 को आजीवन कारावास

मेलों में बिछड़े 11 बच्चों को परिजनों से मिलाया, 9 पीड़िताओं को मिले 27 लाख

लखनऊ। मिशन शक्ति अभियान के तहत लखनऊ जोन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जोन के विभिन्न जिलों में महिला एवं बालिका सुरक्षा से जुड़े कुल 7 प्रकरणों में आरोपियों को सजा दिलाई गई, जिनमें आजीवन कारावास और कठोर कारावास जैसी सजाएं शामिल हैं। पुलिस ने गुणवत्तापूर्ण विवेचना, प्रभावी अभियोजन और पैरवी से पीड़िताओं को त्वरित न्याय दिलाया। हरदोई के शाहाबाद में दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 26,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।खीरी जिले के कोतवाली सदर में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में 2 आरोपियों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और 20,000-20,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा हुई।वही रायबरेली जिले के शिवगढ़ में पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास और 1,20,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।वही सीतापुर जिले के रामकोट में पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास और 50,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा हुई।वही उन्नाव जिले के सफीपुर में पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी को 3 वर्ष के कठोर कारावास और 20,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वही बाराबंकी के बदोसराय में पॉक्सो एक्ट के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास और 1,10,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा हुई।अमेठी के मुसाफिरखाना में पॉक्सो व एससी/एसटी एक्ट के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 15,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। लखनऊ के एडीजी जोन प्रवीण कुमार नें बताया कि सजा दिलाने के साथ ही मिशन शक्ति टीम ने मानवीय कार्य भी किए। अयोध्या में मां कामाख्या धाम मेले में बिछड़े 10 बालक-बालिकाओं को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया। बाराबंकी में देवा मेले के दौरान बिछड़ी 3 वर्षीय बालिका को भी परिजनों से मिलाया गया। अम्बेडकरनगर में 3 वर्षीय गुमशुदा बालिका की तलाश में सोशल मीडिया और चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर परिजनों की जानकारी प्राप्त की गई और बालिका को सकुशल सौंप दिया गया।उन्नाव के हसनगंज में पति की मृत्यु के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रही पीड़ित महिला को मिशन शक्ति टीम ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराकर विधवा पेंशन योजना से लाभान्वित कराया। एडीजी जोन प्रवीण कुमार नें बताया कि खीरी में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत 12 अक्टूबर को 9 महिला पीड़िताओं को कुल 27,00,000 रुपये की अनुदान राशि उपलब्ध कराई गई।लखनऊ जोन के एडीजी प्रवीण कुमार नें बताया कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं